श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 141, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 27 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## पहाड़ों पर बर्फबारी, उत्तर भारत में कल से ठंड के तेवर तीखे होने के आसार

मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में केरल में बारिश की संभावना है। वहीं उत्तर भारत के राज्यों में 26 दिसंबर से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आएगा जिसके चलते कुछ इलाकों में ठीक-ठाक बारिश देखी जा सकती है।



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हवाओं का रख लगातार उत्तरी और उत्तर-पूर्वी बना रहने से प्रदेश में रात के समय ठंडक बरकरार है। शनिवार को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में दाखिल हुआ है। इससे हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी शुरू हो गई है। इसकी मौजूदगी के कारण रविवार को तापमान पर विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन सोमवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजघाट और पंजाबी बाग के पास से बिजिविलिटी बेहद कमजोर है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस है।वहीं : भारत मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग इलाकों में आज सुबह मध्यम कोहरा देखा गया।

मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय है। इसकी आवृति अधिक होने से उत्तर भारत के पहाड़ों में जबरदस्त बर्फबारी हो रही है। हालांकि इसकी मौजूदगी के बाद भी हवा का पैटर्न बीच-बीच में उत्तरी होने से दिन-रात के तापमान में अपेक्षाकृत बढोतरी नहीं हो रही है। शनिवार को भी हवा का रख उत्तरी और उत्तर पूर्वी रहा इससे अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त हुई। 28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ने लगेगा। साथ ही हवा का रुख भी उत्तरी होने लगेगा।

देश में अगले 48 घंटों में कहीं बारिश तो कहीं बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए मौसम का पूवार्नुमान जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में केरल में बारिश की संभावना है। वहीं उत्तर भारत के राज्यों में 26 दिसंबर से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिसके चलते कुछ इलाकों में ठीक-ठाक बारिश देखी जा सकती है।

इसके अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और बिहार में शीतलहर और कोहरे की संभावना जताई जा रही है। वहीं अनुमान है कि 26-27 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में बर्फबारी और बारिश हो सकती है।

खबरें यह भी हैं कि भारी हिमपात के चलते कुछ पहाड़ी इलाकों में हिमस्खलन और भूस्खलन की घटनाएं भी हो सकती हैं। मौसम विभाग ने 24 से 30 दिसंबर तक के लिए पूवार्नुमान जारी किया है, जिसके मुताबिक उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहेगा।

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार अगले एक हफ्ते तक ऐसी ही ठंड पड़ने के आसार हैं और एक हफ्ते के बाद ठंड में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। दिल्ली में अगले तीन दिनों तक किसी तरह की कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

मध्यप्रदेश के पूर्वी भागों और विदर्भ में एक-दो स्थानों पर शीतलहर जारी रहने की संभावना है। जबकि उत्तर भारत के शहरों में तापमान अभी और बढ़ेगा। वहीं उत्तर भारत के ज्यादातर शहर शीतलहर की चपेट में रहेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में भी अब शीतलहर की संभावना है।




## कर्नाटक में सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत के साथ 6 लोग घायल

कर्नाटक में शनिवार को एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसा चित्रदुर्ग जिले के बीजी हल्ली के पास हुआ। 5 लोगों की मौत के साथ 6 लोग घायल भी हो गए हैं। चित्रदुर्ग पुलिस ने इसकी जानकारी दी है।

**बेंगलुरु, एएनआइ।** कर्नाटक में शनिवार को एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसा चित्रदुर्ग जिले के बीजी हल्ली के पास हुआ। 5 लोगों की मौत के साथ 6 लोग घायल भी हो गए हैं। चित्रदुर्ग पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि इससे पहले भी कर्नाटक में कई सड़क हादसों की खबरें आ चुकी हैं। उधर, 26 दिसंबर को यूपी के प्रतापगढ़ जनपद में सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जसमेढ़ा गांव के पास सड़क किनारे खड़े वाहन से बाइक टकरा गई। बाइक सवार साले और बहनोई लहूलुहान हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी संग्रामगढ़ जे जाया गया। हालांकि चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली में बना एक और शाहीन बाग, बीते 30 दिनों में किसानों के मंच पर आ चुके हैं कई विवादित लोग

दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन के कारण 35 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। रोजाना 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान केवल कुंडली और नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र को ही हो रहा है।




**नई दिल्ली, जेएनएन।** कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के दिल्ली घेराव को 30 दिन बीत चुके हैं। किसानों के एक वर्ग की यह घेरेबंदी धीरे-धीरे शाहीन बाग जैसे हालात उत्पन्न करती जा रही है। सरकार की ओर से बार-बार बातचीत के बुलावे को ठुकराकर किसान नेता संसद में पारित कानूनों को रद कराने की मांग पर अड़े हैं। इसलिए, लोग अब इस घेरेबंदी को गत वर्ष के शाहीन बाग के कथित आंदोलन से जोड़कर देखने लगे हैं जब नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध के नाम पर दो माह से ज्यादा समय तक दिल्ली को बंधक बना लिया गया था। किसान संगठनों ने कुंडली-सिंघु बार्डर के अलावा टिकरी बार्डर, यूपी गेट व चिल्ला बार्डर को भी जाम कर रखा है।

तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में पंजाब की विभिन्न किसान यूनियनों ने दिल्ली चलो का नारा दिया था। इसके तहत किसानों का जत्था 27 नवंबर की सुबह कुंडली बार्डर पर पहुंचा और पुलिस से संघर्ष के बाद जीटी रोड को जाम कर वहीं बैठ गया। शुरूआत में यहां केवल पंजाब के किसानों का जमावड़ा था, लेकिन बाद में हरियाणा, दिल्ली और आसपास के कुछ किसान नेता व संगठन भी इसमें शामिल हो गए। शाहीन बाग प्रदर्शन के कर्ता-धर्ता भी इसमें शिरकत करने पहुंच गए। विभिन्न वामपंथी संगठनों के सदस्य, छात्र संगठनों का भी यहां जमावड़ा लगना शुरू हो गया और यह कथित आंदोलन पूरी तरह से सरकार विरोधी हो गया। हालांकि बाद में किसान नेताओं ने किसी भी राजनीतिक दल के साथ मंच साझा करने से इन्कार कर दिया, लेकिन मौके पर रोजाना बाहरी लोगों का जमावड़ा कुछ और ही कहानी कहता है। कुछ दिन पूर्व टिकरी बार्डर पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने वाले शाहीन बाग के आरोपितों के पक्ष में पोस्टर-बैनर ल

एक महीने से चल रही इस घेरेबंदी से सब परेशान हैं। क्षेत्र की औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह से ठप हो चुकी है। कुंडली और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिक परेशानियों के चलते पलायन को मजबूर हैं। एसोचैम के अनुसार, आंदोलन के कारण 35 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। रोजाना 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान केवल कुंडली और नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र को ही हो रहा है। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और देश के दूसरे शहरों से आने-जाने वाले लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। व्यापार प्रभावित हो रहा है। छोटे व्यापारियों और कामगारों के समक्ष रोजी-रोटी के लाले पड़ने लगे हैं।

इस कथित आंदोलन ने लोकतंत्र के समक्ष कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या संसद से पारित कानूनों का इस तरह सड़कों पर विरोध किया जा सकता है। कानून बनाने का काम संसद अथवा सरकार को करना है या फिर यह किस्म-किस्म के संगठनों की इच्छा पर किया जाएगा।

**27 नवंबर:** प्रदर्शनकारी किसान कुंडली बार्डर पर पहुंचे और दिल्ली में प्रवेश का प्रयास किया। पुलिस से झड़प हुई। आंसू गैस के गोले दागे गए। प्रदर्शनकारी पीछे हटकर कुंडली सीमा पर जीटी रोड को जाम कर बैठ गए।

**28 नवंबर:** कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति मिल गई। किसानों को बुराड़ी के संत निरंकारी समागम स्थल में आने को कहा गया, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

**29 नवंबर:** केंद्र सरकार ने किसानों से एक बार फिर बुराड़ी स्थित मैदान में जाने की अपील की। गृहमंत्री अमित शाह ने भी तय स्थान पर पहुंचने के बाद किसानों से बातचीत का भरोसा दिया। हालांकि, किसानों ने इन्कार कर दिया।

**1 दिसंबर:** कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के साथ किसान नेताओं की बातचीत हुई, लेकिन नतीजा नहीं निकला। किसानों ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।

**2 दिसंबर:** किसानों ने नए कृषि कानूनों को रद करने के लिए सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपील की और चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो दिल्ली की अन्य सड़कों को जाम कर दिया जाएगा।

**3 दिसंबर:** सरकार और किसान संगठनों की चौथे दौर की वार्ता हुई, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका। पांच दिसंबर को अगली बैठक का निर्णय लिया गया।

**5 दिसंबर:** किसानों ने 8 दिसंबर को भारत बंद का एलान किया। केंद्र सरकार के साथ एक बार फिर वार्ता हुई, जिसमें किसान नेताओं ने पिछली बैठक के मसलों पर बिंदुवार लिखित में जवाब मांगा।

**9 दिसंबर:** किसान नेताओं ने सरकार के भेजे प्रस्ताव को खारिज कर दिया। छठे दौर की वार्ता भी स्थगित हो गई। किसान नेताओं ने भाजपा के सभी मंत्रियों के घेराव का निर्णय लिया।

**12 दिसंबर:** नेताओं ने आंदोलन को तेज करते हुए 14 दिसंबर को भूख हड़ताल का एलान किया।

**17 दिसंबर:** सुप्रीम कोर्ट में किसान आंदोलन पर सुनवाई। अदालत ने इस मामले में कोई आदेश जारी नहीं किया।

**21 दिसंबर:** आंदोलन में शामिल सभी किसान जत्थों के 11-11 नेताओं ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की।

**24 दिसंबर:** कृषि कानूनों को लेकर कृषि सचिव ने बातचीतके लिए भेजा प्रस्ताव।

## महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण में समस्या आई तो गुजरात में ही दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर महाराष्ट्र सरकार ने भूमि अधिग्रहण में मदद नहीं की तो बुलेट ट्रेन दो फेज में नहीं चलेगी। पहले फेज में अहमदाबाद से वापी के बीच यह ट्रेन 325 किलोमीटर ट्रैक पर दौड़ाई जा सकती है।



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार अब हर हाल में बुलेट ट्रेन को ट्रैक पर उतारने की कवायद में जुट गई है। अगर महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण की वजह से बाधा पहुंचती रही तो अहमदाबाद-मुंबई के बीच प्रस्तावित 508 किमी के कोरिडोर पर यह ट्रेन गुजरात में ही चलेगी।

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर महाराष्ट्र सरकार ने भूमि अधिग्रहण में मदद नहीं की तो बुलेट ट्रेन दो फेज में नहीं चलेगी। पहले फेज में अहमदाबाद से वापी के बीच यह ट्रेन 325 किलोमीटर ट्रैक पर दौड़ाई जा सकती है। भूमि अधिग्रहण की मंजूरी मिली तो ही दूसरे फेज में वापी से बांद्रा तक बुलेट ट्रेन चलेगी।

रेलवे बोर्ड के सीईओ विनोद कुमार यादव ने बताया कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए जमीन का 67 प्रतिशत हिस्सा मिला है। इसमें गुजरात में 956 हेक्टेयर में से 825 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। गुजरात में करीब 90 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण होने की वजह से टेंडर जारी कर जमीनी काम शुरू कर दिया गया है।

वैसे तो महाराष्ट्र सरकार ने चार महीने में भूमि के अधिग्रहण करने का भरोसा दिया है। महाराष्ट्र में 432 हेक्टेयर भूमि में से 97 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण ही हो सका है। जरूरी जमीन का यह केवल 22 प्रतिशत हिस्सा है। दादर और नगर हवेली में 8 हेक्टेयर भूमि में से सात हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है।

यादव ने साल के अंत में होने वाले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद रेलवे अपनी आमदनी से परिचालन व्यय को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि खर्च पर नियंत्रण के लिए किए गए उपायों और माल ढुलाई से होने वाली आमदनी से यात्री मद में हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। कोरोना के कारण रेलवे को यात्रियों से होने वाली आय इस साल घटकर 87 फीसद घटकर सिर्फ 4,600 करोड़ रुपये रह गई जबकि पिछले साल यह 53,000 करोड़ रुपये थी। यादव ने कहा कि रेलवे को उम्मीद है कि खाद्यान्न और उर्वरकों जैसी गैर-पारंपरिक वस्तुओं की ढुलाई में वृद्धि से आमदनी बढ़ेगी।उन्होंने कहा, रेलवे ने इस साल अब तक पिछले साल की तुलना में 12 फीसद कम खर्च किया है। हमने अपने खर्च पर नियंत्रण रखा और चूंकि कुछ ही ट्रेनें चल रही हैं, इसलिए हम ईंधन और अन्य मदों में बचत कर रहे हैं। कोरोना के बावजूद हम अपनी आमदनी से अपने परिचालन व्यय को पूरा करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी 28 दिसंबर को 100वीं किसान रेल को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 दिसंबर यानी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाराष्ट्र के संगोला से पश्चिम बंगाल के शालीमार तक 100वीं किसान रेल को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पीयूष गोयल भी मौजूद रहेंगे।

मल्टी कमोडिटी इस ट्रेन सेवा के जरिए फूलगोभी, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, मिर्च, प्याज के साथ-साथ अंगूर, संतरा, अनार, केला, सेब आदि की ढुलाई होगी। इस ट्रेन से सभी मान्य स्टॉपेज पर बिना किसी रोक-टोक के खराब होने वाले सामानों को लोड करने और उतारने की अनुमति होगी। यही नहीं खेप के आकार को लेकर भी कोई बंदिश नहीं होगी। मालूम हो कि भारत सरकार ने फलों और सब्जियों के परिवहन पर 50 फीसद की सब्सिडी दी है।

मालूम हो कि सात अगस्त 2020 को देवलाली से दानापुर तक पहली किसान रेल शुरू की गई थी जिसे बाद में मुजफ्फरपुर तक बढ़ा दिया गया था। यही नहीं किसानों के द्वारा बेहतरीन प्रतिक्रिया सामने आने के बाद इसके फेरे हफ्ते में साप्ताहिक से तीन दिन कर दिए गए थे। पूरे देश में किसान रेल कृषि उत्पादों का तेजी से परिवहन सुनिश्चित करने में एक गेम चेंजर साबित हो रही है। यह कृषि उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला प्रदान कर रही है।

वहीं कृषि सुधारों को लेकर गर्माई सियायत के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लाकडाउन के दौरान भी सरकार ने ध्यान रखा कि यहां के किसानों को दिक्कत कम से कम हो। सरकार ने नेफेड को स्वीकृति दी है कि वह 2500 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी का उपयोग कर सके। नए कृषि सुधारों ने यहां फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के लिए नए अवसर बना दिए हैं। हजारों लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के मौके मिलने वाले हैं।

## मानव मिशन गगनयान के लिए हरित ऊर्जा इस्तेमाल करेगा इसरो

**चेन्नई, प्रेट्र।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने महात्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए ग्रीन प्रोपल्सन तैयार कर रहा है। गगनयान मिशन में भारत मानव को अंतरिक्ष में भेजेगा। ग्रीन प्रोपल्सन के जरिये भारत प्रदूषण मुक्त लांचिंग के प्रयास करेगा। मिशन में रॉकेट के सभी चरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी इसरो के चेयरमैन के सिवन ने दी है। वह एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 16 वें दीक्षा समारोह में बोल रहे थे। सिवन ने कहा, छात्रों को सलाह दी कि वे अपने जीवन में आकलनबद्ध जोखिम लें, इससे वे पूरी तरह से विफलता से बच सकेंगे। भारत में आर्थिक तरक्की की रफ्तार बढ़ रही है, बढ़ रही गतिविधियों में जरूरी है कि हम प्रदूषण मुक्त ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि इसरो ने प्रदूषण मुक्त लीथियम-आयन बैट्री बनाई है। यह बैट्री इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल के लिए उपयुक्त है। पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिगत ही इसरो अपने गगनयान मिशन में ग्रीन प्रोपल्सन की तैयारी कर रहा है। इसमें प्रदूषण मुक्त रॉकेट प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। भविष्य की सेटेलाइट लांचिंग में ग्रीन प्रोपल्सन के इस्तेमाल की योजना है। इसरो के अनुसार पोलर सेटेलाइट लांच वेहिकिल सेटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने का वैज्ञानिकों का विश्वसनीय जरिया है। इसमें चार स्तरों वाला ईंधन से भरा रॉकेट होता है। इसी से धक्का देकर सेटेलाइट को अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंचाया जाता है और उसमें घूमने के लिए दाखिल किया जाता है। दूसरा जियो स्टेशनरी लांच वेहिकिल होता है, इसमें तीन स्तरीय रॉकेट होता है।

## अब स्कूलों की मनमानी फीस पर लगेगा अंकुश, पारदर्शी व्यवस्था बनाने में जुटी केंद्र सरकार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा मंत्रालय एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था बनाने में जुटा है जिससे फीस का विवाद सदैव के लिए खत्म हो जाए। साथ ही निजी क्षेत्र के बेहतर शैक्षणिक संस्थानों को इससे कोई नुकसान भी न हो।




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** बच्चों को स्कूल बैग के बोझ से मुक्ति दिलाने के बाद केंद्र सरकार का ध्यान अब शैक्षणिक संस्थानों द्वारा वसूली जा रही मनमानी फीस से अभिभावकों को राहत दिलाने पर है। इसको लेकर सरकार तेजी से काम कर रही है। माना जा रहा है कि नए शैक्षणिक सत्र तक स्कूल से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए वह एक ऐसी व्यवस्था तैयार कर देगी, जिससे मनमानी फीस पर पूरी तरह से अंकुश लग जाएगी। मनमानी फीस पर नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी एक मजबूत और पारदर्शी तंत्र बनाने का सुझाव दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा मंत्रालय एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था बनाने में जुटा है, जिससे फीस का विवाद सदैव के लिए खत्म हो जाए। साथ ही निजी क्षेत्र के बेहतर शैक्षणिक संस्थानों को इससे कोई नुकसान भी न हो। यही वजह है कि इस पूरी व्यवस्था को संस्थानों की ग्रेडिग से जोड़ा जाएगा। यानी जो शैक्षणिक संस्थान गुणवत्ता के आधार पर जिस ग्रेड का होगा, वह एक निर्धारित दायरे तक ही अपनी फीस रख सकेगा। साथ ही बढ़ोत्तरी की भी उसकी एक सीमा होगी। इसके साथ ही जो भी फीस वह लेगा, उसकी उसे हर साल आनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से अपने नोटिस बोर्ड पर जानकारी साझा करनी होगी। मौजूदा समय में निजी शैक्षणिक संस्थानों में फीस को लेकर कोई अंकुश नहीं है। गली-मोहल्ले में दो-तीन कमरों में चलने वाले स्कूल भी मनमानी फीस वसूल रहे हैं।

खासबात यह है कि इस पूरी व्यवस्था में किस ग्रेड का संस्थान अधिकतम कितनी फीस ले सकेगा, यह निर्धारित रहेगा। वहीं ग्रेड का निर्धारण सरकार के स्तर पर पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। फिलहाल उच्च शिक्षण संस्थानों में ग्रेड निर्धारण के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) जैसी संस्था मौजूद है। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक फीस निर्धारण के लिए देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं और फीस का ब्योरा जुटाया जा रहा है। सीबीएसई की मदद से उससे संबंद्ध स्कूलों से भी ऐसी ही जानकारी जुटाई जा रही है। योजना के मुताबिक इस पूरी व्यवस्था को उच्च शिक्षण संस्थानों में सबसे पहले अपनाने की तैयारी है। बाद में इसे राज्यों के सहयोग से स्कूलों में भी लागू किया जाएगा।

## संक्षेप समाचार

### मुंडेरा मंडी में लगेगा बायो कंपोस्ट प्लांट

**प्रयागराज ।** मुंडेरा मंडी से निकलने वाला कूड़ा अब बेकार नहीं जाएगा। यहां से रोजाना निकलने वाले करीब तीन टन गीले कूड़े से खाद बनाई जाएगी। इसके लिए मुंडेरा में ही बायो कंपोस्ट प्लांट लगाया जाएगा। नगर निगम पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसकी शुरूआत कर रहा है। प्लांट के सकारात्मक परिणाम आने के बाद अन्य छोटी मंडियों के पास भी ऐसे प्लांट लगाए जाएंगे। ऐसे संस्थाएं जहां रोजाना करीब सौ किलो से ज्यादा गीला कूड़ा निकलता है उन्हें स्वयं इससे खाद बनाने के लिए छोटा प्लांट लगाना चाहिए। नगर निगम ने इसके लिए गाइड लाइन भी जारी की है। हालांकि इसका पालन लोग नहीं करते हैं। मंडियों से निकलने वाला कूड़े का भी कोई उपयोग नहीं हो पाता है। नगर निगम ने अब शहर में मंडियों के पास समेत अन्य छोटे स्थानों पर बायो कंपोस्ट प्लांट बनाने की योजना बनाई है। संस्थाओं को कूड़ा इधर फेंकने के बजाए उसे प्लांट को देना होगा। प्लांट के लोग रोजाना बड़ी संस्थाओं से कूड़ा ले उठाएंगे और इसके बदले में यूजर्स चार्ज वसूल करेंगे। इस कूड़े से प्लांट में खाद बनाई जाएगी और नगर निगम उसे अपने उद्यानों के काम में इस्तेमाल करेगा। ज्यादा उत्पादन होने की स्थिति में उसकी बिक्री भी की जा सकेगी।

# जसरा में टप्पे बाजों ने दो लाख के जेवर पर किया हाथ साफ



चोरी की घटना से मायूस परिवार

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा शिवपुरी कॉलोनी स्थित एक घर से जेवर साफ करने वाले दो लुटेरों ने दो लाख रुपए के सोने के सामान पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

शनिवार को दोपहर बाद लगभग 3 बजे दो नवयुवक पैदल शिवपुरी कॉलोनी की गली में पहुंचे तो घर के बाहर नरेश बहादुर सिंह की पत्नी कमला देवी बैठी थी। दोनों ने बताया कि वह पतंजलि की ओर से आए हैं। तथा उनके पास एक पाउडर है। जिससे जेवरात आदि साफ किया जाता है । उसी का प्रचार कर रहे हैं। कमलादेवी उनकी बातों में आ गई तथा गले में पहने दो तोला सोने की चैन, डेढ़ तोला सोने का झुमका व कनौटी , आधा तोला की सोने की अंगूठी जो कि कमला देवी की बहू शशि सिंह की थी । दोनों को साफ करने के लिए दे दिया। इतने में दोनों लुटेरो ने कहा कि घर के अंदर से कटोरी में गर्म पानी करके ले आओ। शशि सिंह जैसे ही अंदर गई दोनों टप्पेबाज चार तोला का सोने का सामान लेकर पैदल ही चलते बने। जबकि कमला देवी बाहर बैठी थी। कमला सिंह दोनों को रोकने का प्रयास किया तो बोले अभी आ रहे हैं। दोनों जब नहीं लौटे तो खोज बीन होने लगी। जब कटोरी में देखा तो उसमें से गहना गायब था। दोनों ने पहले ही कटोरी के पानी में लाल रंग डाल दिया था । पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 को दी तथा बाद में स्थानीय पुलिस को भी दी है।

**आये दिन हो रही हैं ऐसी घटनाएं**

जसरा व आस पास के कई गांवों. में आये दिन इस तरह.की घटनाएं हो रही है। इन लुटेरों का गिरोह सक्रिय है। घर पर जब महिलाएं रहती हैं तभी ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर लुटेरे फरार हो जाते हैं।



आंखों की निःशुल्क जांच करते चिकित्सक

# नि:शुल्क आंख व स्वास्थ्य परीक्षण में पहुंचे लाभार्थी

**वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित किया गया कार्यक्रम**

**खीरी।** यमुनापार के कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा निशुल्क आंख व स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें सैकड़ों लाभार्थियों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व आंख जांच का लाभ उठाएं।

जानकारी के अनुसार वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संयोजक अनुराग शुक्ला उर्फ शास्त्री जी के नेतृत्व में मनोहर दास व प्रयागराज के डॉक्टरों द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन शनिवार को आयोजित किया गया ।जिसमें लाभार्थियों को आई ड्रॉप व कुछ आवश्यक औषधी उपलब्ध कराया गया। वही जांच के उपरांत कुछ जटिल समस्याओं से ग्रसित लोगों को अपने अस्पताल आने हेतु कहा गया। उक्त शिविर में डॉ हेमंत कुमार यादव ,डॉ कपिल देव (सी. ए.) डॉक्टर अलीशा अंजुम, व डॉक्टर अर्पिता राय तथा डॉ मुकुल चंद्र राय उर्फ बंगाली जोकि स्थानीय डॉक्टर हैं, ने जरूरतमंदों का इलाज व स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें मिथिलेश त्रिपाठी प्रधानाचार्य, कृष्ण चंद्र मिश्रा आचार्य जी, पूर्व प्रधान खीरी शारदा प्रसाद केसरवानी, वरुण द्विवेदी, बद्री यादव पूर्व प्रधान जोरवट, जवाहर लाल बीएसपी नेता सहयोग में मौजूद रहे।

# राखी बांधने वाली बहन ने ही की थी भाई की हत्या

**कौंधियारा।** भाई बहन के संबंधों के रिश्तो को दरकिनार करते हुए भाई को राखी बांधने वाली बहन ने ही अपने 13 वर्षीय सगे भाई को प्रेमी के कहने पर उतारा मौत के घाट। घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़गोहना कला गांव में 23/24 दिसम्बर की रात को घर के अन्दर सोये 13 वर्षीय किशोर अमन बिंद पुत्र रामप्रकाश बिंद की किसी वजनी चीज है सर पर प्रहार करते हुए हत्या कर दी गई थी। जबकि उस कमरे में एक चारपाई पर बहन व दूसरी चारपाई पर भाई सोया था। लेकिन बंद कमरे में ही किशोर की निर्मम हत्या हो गई। जिसकी जानकारी बहन को होते हुये भी पुलिस व परिजनो को बरगलाती रही और पुलिस के पूछने पर मन गणंन्त कहानी मृतक की बहन प्रीति बिन्द के द्वारा बताई जाती रही। लेकिन घटनास्थल पर मिले पुलिस को साक्ष्यों के आधार पर जब मृतक अमन बिंद की बहन प्रीति बिंद को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करते हुए कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पूरे घटना की सच्चाई पुलिस के सामने बयां कर दी` उसके द्वारा जो बताया गया की उसने अपने भाई की हत्या कमरे में रखी लोहे के सब्बल से सर पर वार करके किया और फिर रात में ही पहने हुए कपड़े लैगी कुर्ती को निकाल कर के धुल दीया और सब्बल को भी पानी से धुलने के बाद कमरे में ही रख दिया ,और सुबह उठ करके चुपचाप अपने बगल से मकान में रहने वाली चाची के पास चली गई। वही पिता राम प्रकाश बिंद की तहरीर पर पुलिस के द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 470 /20 धारा 302/34 आईपीसी के तहत दर्ज किए गए अभियोग को ध्यान में रखते हुए, अपने ही सगे भाई की निर्मम हत्या करने वाली प्रीति बिंद पुत्री राम प्रकाश बिन्द निवासी बड़गोहना कला थाना कौधियारा व उसके प्रेमी शिव शंकर बिन्द पुत्र गजेन्द्र बिन्द निवासी बस्तर थाना करछना को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय भेजा गया। बेटी के द्वारा बेटे की हत्या किए जाने से आहत मृतक अमन कुमार की मां कमला देवी व पिता राम प्रसाद बिंद थाने पर पहुंचकर के थाना प्रभारी कौधियारा के सामने रो-रो कर या फरियाद करते रहे, कि साहब मेरे वंश वह मेरे कुल के चिराग को बुझाने वाली मेरी दुश्मन बेटी को फांसी पर चढ़ा दीजिए, मेरी बेटी ने अपने प्रेमी के चक्कर में पड़कर मेरे मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी है इसे फांसी पर चढ़ा दो।

### लगातार बढ़ रही ठंड से राहगीर हलाकान, अलाव जलाने की मांग

**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के जारी बाजार कस्बे में इन दिनों लगातार ठंड का मौसम बढ़ता चला जा रहा है। अधिक ठंड बढ़ने के बावजूद क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैसा कि मालूम हो इन दिनों ठंड का मौसम बड़ी तेजी के साथ बढ़ता चला जा रहा है। शाम ढलते ही ठंड अपने पूरे शबाब पर पहुंच जाता है। ठंड से बचने के लिए कुछ जगहों पर लोग आग का सहारा ले रहे हैं। गर्म कपड़ों की खरीदारी बड़ी तेजी से की जा रही है। ठंड के चलते शाम होते ही लोग घरों के अंदर कैद हो जाते हैं। सड़कों पर आवाजाही कम हो जाती है। ठंड के चलते दुकानों पर सन्नाटा देखने को मिलता है। ठंड अधिक बढ़ने के बावजूद क्षेत्र में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते सड़कों पर आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अलाव की व्यवस्था न किए जाने से राहगीर संबंधित अधिकारियों को कोसने का काम कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए क्षेत्र के सार्वजनिक एवं प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है।

# मदारी साधन समिति में भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन मनाया गया





कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण



कृषि मेले में उपस्थित किसान

**मऊआइमा।** शुक्रवार को भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्व0अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन एवं सुशासन दिवस पर इलाहाबाद डिस्ट्रिक कोपरेटिव बैंक शाखा मऊआइमा से संचालित मदारी साधन समिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुशासन दिवस पर कृषि मेले में एक स्टाल मऊआइमा छाता ब्रांच की ओर से लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश मौर्या (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) ने कर्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा शाखा प्रबंधक मऊआइमा सतेन्द्र प्रकाश निर्मल ने आये हुए किसानों को संबोधित करते हुए बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और इस दौरान दो के सी सी नए सदस्य बनाये गए और खाद उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का संचालन पुन्नी लाल सचिव मदारी साधन समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर शाखा मऊआइमा से सम्बंधित 11 समिति के सचिव एवं संचालक गण तथा एडीओ कंचन सिंह, दिनेश पटेल, राम प्यारे, मूल चंद्र, अजीत सिंह यादव, शिव मूर्ती, रंजीत के आलावा सैकड़ो किसान भाई उपस्थित रहे।

### जमाने में वही जिन्दा है जिसका नाम जिन्दा है

**करछना।** लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेई की जयंती पर आयोजित अटल स्मृति सभा के दौरान जुटे कवि कलाकारों ने उन्हे भावांजलि अर्पित की।हास्य कवि अशोक बेशरम ने कहा कि बनारस की सुबह जिन्दा,अवध की शाम जिन्दा है।जमाने में वही जिन्दा है जिसका नाम जिन्दा है।शायर सबरेज अहमद ने कहा कि रहे देश की जान अटल जी,भारत के थे शान अटल जी।काव्यांजलि का संचालन कर रहे गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने अपनी पंक्तियों में कुछ इस प्रकार श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रेम सुशासना, राष्ट्र साधना, शिक्षा के जलते दीपक थे, सदियों में पैदा करती है धरती ऐसे लाल। लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव, श्याम लाल बेगाना, रत्नाकर तनहा के बाद अध्यक्षता कर रहे फतेह बहादुर रिषीराज ने भी अटल जी की स्मृतियों को अपनी कविताओं द्वारा ताजा किया। आयोजक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी कवि कलाकारों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके क्षेत्र के कई प्रवुद्धजन समाजसेवी मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग की कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही



अवैध शराब व लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस टीम

**करछना।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन पर प्रदेश में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत शनिवार को आबकारी विभाग द्वारा कैथी, मच्छहर का पूर्वा,खाई अंतर्गत करछना थाना में अवैध कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक करछना द्वारा संयुक्त टीम एसएसएफ , प्रवर्तन प्रयागराज टीम के साथ ताबडतोड दबिश की कार्यवाही की गई जिसमे कच्ची शराब बनाने वालों ने महुआ निर्मित लहन प्लास्टिक के जेरीकेन में व गड्डो में छिपा कर रखा गया था। मौके से 5 भट्टियाँ को नष्ट करते हुए शराब बनाने का उपकरण जब्त किए गए। मौके से लगभग 110लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और लगभग 1500 किलोग्राम महुआ निर्मित लहन को मौके पे नष्ट किया गया । आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 6 अभियोग सम्बधित थाना मे पंजीकृत कराया गया व 2 लोगो को मौके से गिरफ्तार किया गया। टीम में रोहन कुमार आबकारी निरीक्षक करछना, अमित श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक एसएसएफ, कौशलेंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक, मैथिली सिंह आबकारी निरीक्षक मेजा एव हमराह स्टाफ मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म उत्सव सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया



रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता

**करछना ।** भाजपा मंडल भडेवरा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई का जन्मदिन 25 दिसंबर शुक्रवार शाम को शुक्लगंज में सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। लोगों की ओर से उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया गया । साथ ही साथ उनके पथ चिन्हों पर चलने का सामूहिक रूप से संकल्प भी लिया गया । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार अभियान के पूर्वांचल प्रचार प्रमुख अधिवक्ता पंकज शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद सभी लोगों से उनके आदर्शों सहित पथ चिन्हों पर चलने की कवायद भी की । साथ ही साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए गए जन कल्याणकारी व लाभकारी सहित किसान विधेयक को जन जन तक पहुंचाने की सभी लोगों से अपील भी की । इसके पूर्व जानकी फाउंडेशन के सचिव व भाजपा के युवा नेता की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जारी किसान बिल के समर्थन में किसानों को जागरूक करने हेतु एक व्यापक बाईक रैली भी निकाली गई । जो मंडल के अंतर्गत कई गांवो में भ्रमण करके किसान बिल के समर्थन में किसानों को जागरूक किया गया । इसके अलावा शुक्ल गंज स्थित जानकी फाउंडेशन कार्यालय पर व्यास रविन्द्रनाथ मिश्र की ओर से सुंदरकांड पाठ का पारायण भी सामूहिक जन कल्याण हेतु आयोजित हुआ । जो देर रात्रि तक चला । वहीं लोगों में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के जन्म उत्सव पर आपस में मिष्ठान वितरित करके एक-दूसरे का मुंह भी मीठा कराया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में चार सौ लोगों ने जांच करा कराया इलाज



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर दवा देते चिकित्सक

**बदलते मौसम से चिकित्सको ने बचाव की दी सलाह**

घूरपुर। क्षेत्र के चामू गांव में नैनी की श्रद्धा पुष्प डायग्नोस्टिक एंड पालिक्लिनिक सेंटर ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया तो आसपास के गांवो के भारी संख्या में लोग स्वास्थ्य जांच व इलाज कराने पहुंचे। डॉ एसपी पटेल, डॉ अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में चिकित्सको की टीम ने चार सौ लोगो का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त में दवा वितरण कर आवश्यक सलाह दिया। शिविर में सर्दी, खांसी, दमा, बुखार, चर्म रोग, के अधिक संख्या में रोगी पाए गए। चिकित्सको ने रोगों से बचाव और खानापीन, स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दिया। बदलते मौसम में सर्दी बुखार से बचने के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यक सलाह दिए। कोरोना वायरस से बचाव सम्बंधित विस्तृत जानकारी भी दी गई। पालिक्लिनिक सेंटर के संचालक पुष्पराज सिंह, सहायक अमृत सिंह, विजय कुमार, अमृत लाल, आदि शिविर में मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में गोली चलने की सूचना पर हड़कंप, पुलिस ने कईयों को उठाया

**घूरपुर।** घूरपुर के अमिलिया गांव में दो पक्षों में जमीनी विवाद के दौरान गोली चलने की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मंच गया। पुलिस ने कईयों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार की दोपहर अमिलिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में नोकाझोक होने लगी। इसी बीच किसी ने पुलिस को बंदूक से गोली चलने की सूचना दे दी तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की गोली चलने की बात गलत निकली तो पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस ने इस बीच कईयों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

# पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का केवीके में सीधा प्रसारण



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

**प्रयागराज।** भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयन्ती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्थानान्तरित किये जाने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शुआटस के कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि अभियन्ता डा. जी0पी0एम0 सिंह, वैज्ञानिक आर0पी0 सिंह, वैज्ञानिक निमिशा नटराजन, एस0पी0 सिंह, मनोज त्रिपाठी, प्रसार कोआर्डिनेटर डा. अरूण यादव सहित 27 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही जिले के 163 किसान एवं 28 छात्रों ने भी सजीव प्रसारण में भाग लिया। साथ-साथ यह कार्यक्रम ब्लाक चाका प्रयागराज में भी आयोजित किया गया जिसमें शुआट्स के निदेशक प्रसार प्रो0 आरिफ ए0 ब्राडवे ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक शिशिर, डा. मनीष केसरवानी तथा अन्य वैज्ञानिकों ने भी प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में शोध निदेशालय द्वारा प्रदर्शनी लगाकर किसानों को जागरूक किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी द्वारा किया गया।

### सलोरी आरओबी को सेना की मंजूरी का इंतजार

**प्रयागराज ।** तेलियरगंज मजार से बड़ा बघाड़ा सलोरी को जोड़ने वाली सड़क की रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज को सेना की मंजूरी का इंतजार है। इस वजह से आरओबी का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। 5280.12 लाख की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज के लिए पांच करोड़ रुपये प्रथम किस्त के रूप में शासन की ओर से जारी किए जा चुके हैं। 781 मीटर लंबाई वाले इस आरओबी के बनने से सलोरी बड़ा बघाड़ा, सदियाबाद समेत आसपास के लोगों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी। इसके निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निर्माण विभाग की होगी। परियोजना प्रबंधक एसपी बागरी ने बताया कि यह रेलवे लाइन एक लाख से कम ट्रेन व्हीकल यूनिट की है, इसलिए नियमानुसार यूपी सरकार अकेले पूरी राशि का वहन करेगी। सेना से एनओसी लेने की प्रक्रिया चल रही है। मंत्रालय व विभाग के उच्च अधिकारी एनओसी जल्द लेने का प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आएगा।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### ईसा मसीह के जीवन पर चर्चा एवं कविता पाठ

**प्रयागराज।** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था उर्दू हिन्दी संगम की ओर से ईसा मसीह जन्मोत्सव पर ताहिरा हाउस अहमदगंज आयोजित सभा में ईसा मसीह के जीवन पर चर्चा हुई तथा कविता पाठ किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए अनवार अब्बास नकवी ने कहा कि हजरत ईसा मसीह ने ईश्वर का संदेश लोगों तक पहुंचाने में बड़ी यातनाएं उठाईं तथा कष्ट उठाते हुए मानव सेवा करके इस कार्य के प्रति जन साधारण को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विक्टर ने अपने वक्तव्य में मसीही धर्म पर आधारित बहुत सी बातें बताईं तथा मानव सेवा एवं शांति के मसीही संदेश पर विस्तार से चर्चा की।

संस्था के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उर्दू हिन्दी कवि एवं साहित्यकार अनवार अब्बास, सुनैना त्रिपाठी और कुमैल जाफर ने ईसा महीस पर आधारित अपनी रचनाएं प्रस्तुत की जिसे श्रोताओं ने बहुत सराहा। सभा का संचालन कुमैल जाफर ने किया। सभा में शाहिद असकरी, सुरेन्द्र त्रिपाठी, रुस्तम इलाहाबादी, जाफर असकरी, सय्यद सुलेमान आदि उपस्थित रहे।

### समाज कें सभी संपन्न लोग बेटियों कों गोद लेकर शिक्षा का करें प्रबंध : डा . आराध्या

**करमा ।** शिक्षा विश्व की वह प्रमुख अस्त्र हैं जिसके माध्यम से गरीबी, सामाजिक असमानता, भेदभाव इत्यादि समाज कों खोखला कर देनें वाली प्रमुख बुराइयों का अंत करनें में सहायक हैं और सबसे बड़ी बात यह हैं कि इसे केवल शिक्षा कें माध्यम से ही दूर किया जा सकता हैं उक्त बातें आराध्या फाउंडेशन की प्रमुख डा . आराध्या नें शुक्रवार कों गौहनिया में एक सामाजिक आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि कें रूप में बोल रहीं थी आगे उन्होने यह भी जानकारी दी कि आगामी 05जनवरी कों यमुनापार की मेधावी छात्राओं जिनमें रेखा सिंह, उमा यादव, अर्चना पटेल, प्रीती द्विवेदी, सोनाली मिश्रा इत्यादि कों गोद लेंगी साथ ही इनके शिक्षा में 51हजार का सहयोग भी करेंगीं एक प्रश्न कें जवाब उन्होने यह भी जानकारियां प्रदान करतें हुए बोली कि समाज कें हर संपन्न व्यक्ति कों प्रति वर्ष कम से दो बेटियों कों गोद लेकर शिक्षा में मदद अवश्य करनी चाहिए।

## माफिया गणेश यादव के अवैध मकान को पीडीए ने किया ध्वस्त

**● बेटे व पत्नी ने किया ध्वस्तीकरण का विरोध ● दस संगीन धाराओं में है गणेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**गणेश यादव की पत्नी से पीडीए कर्मचारी से हुई हांथापाई**

**मकान ध्वस्तीकरण के दौरा पांच थानों की पुलिस फोर्स रही मौजूद**



झूंसी स्थित माफिया गणेश यादव के आलीशान मकान को ढहाता पीडीए का जेसीबी

**प्रयागराज।** झूंसी में स्थित माफिया गणेश यादव के अवैध तरीके से निर्माण हुए मकान को विकास प्राधिकरण की टीम ने शनिवार को जमींदोज कर दिया। जब प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु की तो गणेश यादव के पत्नी व बेटे ने विरोध किया। पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण व पुलिस टीम के आगे एक न चली। सात सेकेंड में गणेश यादव के मकान को ध्वस्त कर दिया। विकास प्राधिकरण का दस्ता व पुलिस टीम शुक्रवार की दोपहर झूंसी के हवेलिया गांव पहुंचा जिसके बाद जेसीबी से अवैध मकान को ढहाने का काम शुरू हुआ। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरु होने वाली ही थी कि कुछ लोगों ने विरोध का प्रयास किया तो पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ दिया। गणेश की पत्नी ने तो पीडीए के जोनल अधिकारी से हाथापाई तक कर डाली पर पहले से ही चौकन्ना प्रशासन के आगे किसी की नहीं चली दरअसल आपरेशन माफिया के तहत पुलिस- प्रशासन और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। शनिवार को पीडीए ने झूंसी में माफिया गणेश यादव के अवैध ढंग से बने मकान को ढहाने पहुंची। जैसे ही विकास प्राधिकरण की टीम पहुंची तो आस पास के लोगों की भीड़ लग गयी। विकास प्राधिकरण की टीम जेसीबी से अवैध मकान को ध्वस्त करने का काम शुरू किया। कुछ लोगों ने विरोध का प्रयास किया तो पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ दिया। गणेश की पत्नी ने तो पीडीए के जोनल अधिकारी से हाथापाई कर ली तो पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत करया। गणेश यादव पर 10 संगीन आपराधिक मुकदमे हैं। उसके खिलाफ झूंसी के साथ ही सराय इनायत में भी मुकदमे दर्ज हैं। वह जमीन की खरीद फरोख्त के अलावा पीडीए में कुछ साल पहले तक ठीकेदारी भी करता रहा है। पीडीए ने पिछले दिनों झूंसी के हवेलिया में बने उसके मकान को अवैध घोषित कर नोटिस भेजा था। शनिवार दोपहर करीब बारह बजे पीडीए की टीम तकरीबन पंद्रह सौ वर्ग गज में बने मकान को जेसीबी से ढहाने पहुंच गई। इस दो मंजिला मकान को बिना नक्शा पास कराए बनाया गया था। आलोक पांडेय, सत शुक्ला और शिवानी सिंह की अगुवाई में पीडीए की टीम पहुंची तो गणेश के परिवार के लोगों और करीबियों ने विरोध कर दिया।





कार्रवाई के दौरान पीडीए कर्मचारियों से बहस करते लोग

### बेटे और पत्नी ने किया विरोध

गणेश के बेटे रवि यादव ने कहा कि बिना नोटिस भेजे यह कार्रवाई की जा रही है। गणेश की पत्नी ने जोनल अधिकारी शिवानी सिंह पर हमला भी कर दिया। उनसे हाथापाई और खींचतान की। पुलिस ने उसे काबू में किया। इसके बाद घंटे भर में घर से सामान निकालने का मौका देकर जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु हुई। मात्र विकास प्राधिकरण की टीम ने सात सेकेण्ड में ही 1500 वर्ग गज में बने मकान को विकास प्राधिकरण की टीम ने पूर मकान को धराशायी कर दिया। हालांकि मकान ध्वस्तीकरण के पश्चात इलाके मे तरह तरह की चर्चाएं होती रही। आपको बताते चले कि पिछले कई महीने से जारी ऑपरेशन माफिया के तहत पुलिस बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद, उनके भाई पूर्व विधायक अशरफ के साथ ही ज्ञानपुर के विधायक विजय मिश्र, औद्योगिक क्षेत्र में पूर्व ब्लाक प्रमुख चाका दिलीप मिश्र, शहर में कम्मो, जाबिर, अब्बास, जैद समेत कई लोगों के बिना नक्सा पास कराए निर्मित मकानों, लॉज, मार्केट को ढहाया गया है। दो दिन पहले बमरौली में आबिद प्रधान, फरहान, अकबर के भी मकान तोड़े जा चुके हैं। पीडीए और प्रशासन द्वारा अभी कई और लोगों के अवैध निर्माण तोड़ने की तैयारी है।

## नहीं मिला मेहनताना : दोबारा कार्य बहिष्कार पर उतरे जलनिगम कर्मी



तीन माह के भुगतान की मांग करते जलनिगम कर्मी

**जेई द्वारा किया जा रहा एक माह का भुगतान, कर्मचारी कम से कम तीन माह के भुगतान की मांग पर अड़े**

**शंकरगढ़।** अगस्त महीने से मेहनताना नहीं मिलने से जल निगम के प्राइवेट कर्मचारियों का कुनबा भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। इस दौरान उच्चाधिकारियों ने कई बार आश्वासन दिया, लेकिन पगार नहीं मिली। इधर, बीते दिनों आर्थिक तंगी झेल रहे विकास खंड शंकरगढ़ जल निगम के प्राइवेट कर्मियों ने कार्य से हाथ खड़ा कर दिया। जल निगम कर्मियों के द्वारा कार्य बहिष्कार किए जाने से क्षेत्र के हजारों घरों की जलापूर्ति ठप हो गई थी। हालांकि अवर अभियंता ने शीघ्र ही भुगतान का आश्वासन दिया था, लेकिन अवर अभियंता द्वारा दी गई मियाद खत्म हो गई और उन्हे अभी तक भुगतान नहीं मिला। इससे परेशान जल निगम कर्मियों ने शनिवार, 26 दिसंबर से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है।

दूसरी तरफ बताया जाता है कि जेई की तरफ से उन्हे एक महीने का ही वेतन दिया जा रहा है, जिसे लेने से जलनिगम कर्मियों ने साफ मना कर दिया है। कर्मचारी कम से कम तीन माह के मेहनताने की मांग पर अड़े हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उनके व परिवार के समक्ष घोर आर्थिक संकट है। इसलिए जब तक उन्हेतीन महीने का भुगतान नहीं किया जाता है, वह कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे।

बताते चलें कि शंकरगढ़ क्षेत्र में जल निगम में 13 प्राइवेट कर्मचारी तैनात हैं। इन कर्मियों को बीते अगस्त माह से पारिश्रमिक नहीं मिला है। मानदेय नहीं मिलने से कार्यरत कर्मचारियों में संजय वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, राकेश सोनी, प्रमोद यादव, महेंद्र कुमार, भोलानाथ, राजू, जीतू सिंह, सुरेश कुमार, श्याम नारायण, राम बहादुर, संदीप लोचन आदि कार्य आज दोबारा कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कार्य ठप करने से नगर पंचायत शंकरगढ़ के दर्जनभर ट्यूबवेलों का संचालन बंद हो गया है। हजारों घरों की जलापूर्ति ठप पड़ गई और पानी नहीं मिलने से क्षेत्र में हाहाकार मच गया।जल निगम के प्राइवेट कर्मियों के कार्य बहिष्कार से नगर पंचायत शंकरगढ़ के दर्जनभर वार्डों के साथ ही आसपास के कई गांवों बैरी बसहरा, शिवराजपुर, बेनीपुर आदि की जलापूर्ति ठप हो गई। इस मामले में उच्चाधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## शहर में कुओं का पता नहीं, सफाई के लिए 15 लाख आवंटित

**प्रयागराज।** शहर के कुओं को लेकर जल संस्थान और नगर निगम को भले ही कोई जानकारी न हो पर उसकी सफाई के लिए बजट आवंटित कर दिया गया है। जल संस्थान के बजट में इस बार कुओं की सफाई को लेकर 15 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब जल संस्थान कुओं के संरक्षण के लिए उनकी सफाई कराने जा रहा है। जल संस्थान जल्द ही कुआं खोजने के लिए अभियान शुरू करेगा।नगर निगम से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पांच साल पूर्व नगर क्षेत्र में छह कुआं हुआ करते थे। इसमें से चार कालिंदीपुरम क्षेत्र में थे। विस्तारीकरण में धीरे-धीरे कुओं को पाटकर कहीं मकान बना लिए गए तो कहीं सड़क बना दी गई। इससे इतर कहीं भी कुएं का पता नहीं चलता। हालांकि नगर निगम पूर्व में कुओं की सफाई के लिए बजट आवंटित करता रहा है। ये बजट कहां खर्च किया जाता रहा है इसका कोई लेखाजोखा नहीं है। 2020-21 से अब ये काम जल संस्थान के सुपुर्द कर दिया गया है। जल संस्थान ने भी कुओं की जानकारी करने से पूर्व उनकी सफाई के नाम पर बजट तय कर दिया है। जल संस्थान के महाप्रबंधक हरिश्चंद्र बाल्मीकि का कहना है कि फिलहाल कुओं के बारे में विभाग के पास कोई जानकारी नहीं है। जल्द ही इनके बारे में जानकारी की जाएगी और फिर इसके बाद उनकी सफाई का काम किया जाएगा।

## सोरांव के गोशालाओं का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

**गोशाला में पशुओं की व्यवस्था एवं इलाज के लिए दिए निर्देश**

**पशु चिकित्सकों एवं गोपालकों को निरीक्षण की टीम पशुओं के प्रति दी सख्त हिदायत**



सोरांव में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0 पी0 राय गोशाला का निरीक्षण करते हुए

**सोरांव।** सोरांव तहसील इलाके के विभिन्न गोशालाओं का निरीक्षण करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0 पी0 राय ने हिदायत देते हुए बचाव, खानपान, सफाई एवं इलाज को डॉक्टरों को समय-समय पर इलाज के लिए अवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान गोपालकों को भी गोशाला की देखरेख के लिए भी कहा गया।

शनिवार को सोरांव इलाके के पिलखुआं, ददौली, अकबर सरांयदीना, गोहरी एवं सोरांव के गोशाला का निरीक्षण करने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0 पी0 राय अपनी टीम के साथ पहुंचे। निरीक्षण करते हुए श्री राय ने कहा कि गोशालाओं में यदि किसी प्रकार की खामियां मिली, तो वह बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने पशु चिकित्सकों के साथ गोपालको को अवश्यक निर्देश दिया कि गोशाला में साफ-सफाई, पशुओं के लिए चारा-पानी एवं ठंड से बचाव की व्यवस्था की बात कहीं। बावजूद पशु चिकित्सकों को गोशालाओं में समय-समय पर पहुंचकर उनका इलाज करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि गोशाला में किसी प्रकार से खामियां मिली तो कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निरीक्षण को लेकर हलचल मची रही। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0 के0 सिंह, डॉ0 उदय नारायण समेत गोपालक समेत निरीक्षण की टीम मौजूद रहीं।

### जीएसटी के संशोधनों पर व्यापारियों ने जताया विरोध

**प्रयागराज।** जीएसटी में किए गए संशोधनों का व्यापारियों ने विरोध किया है। व्यापारियों के संगठन कैट (कॉनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर जीएसटी में हुए संशोधनों को वापस लेने की मांग की है। कैट ने 50 लाख से अधिक मासिक टर्नओवर पर एक प्रतिशत जीएसटी जमा करने, धारा 36(4) के अंतर्गत अतिरिक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट 10 से पांच प्रतिशत करने का विरोध किया है। पत्र में व्यापारियों ने जीएसटी और आयकर की ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने की तारीख 31 दिसंबर से आगे बढ़ाने की मांग की है। जीएसटी में संशोधनों पर कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने कहा कि यह व्यापार पर विपरीत प्रभाव डालेगा। व्यापारी पहले से परेशान है। भुगतान चक्र पूरी तरह प्रभावित है। ऐसे में नकद टैक्स जमा करने की बाध्यता होने से व्यापारियों की परेशानी बढ़ेगी। संगठन के अजय गुप्ता ने कहा कि जीएसटी में ताजा संशोधन व्यापारियों पर बोझ बढ़ाएगा। लगातार हो रहे संशोधनों से जीएसटी की प्रक्रिया और जटिल हो रही है।

## जलकल विभाग के महाप्रबंधक पर जानलेवा हमला, हुए घायल, एफआइआर दर्ज

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जलकल विभाग के महाप्रबंधक हरिश्चंद्र बाल्मीकि पर जानलेवा हमला किया गया। शुक्रवार की रात में अज्ञात लोगों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर हमला किया। इससे उनके दोनों पैर में गंभीर चोटें आई हैं। एक पैर में छह और दूसरे पैर में चार टांके लगे हैं। मामले में खुल्दाबाद थाने में एफआइआर दर्ज करा दी गई है। जलकल विभाग के जीएम शुक्रवार की रात में करीब 11 बजे खुसरो बाग में विभाग के परीक्षित आवास में थे। उसी दौरान तीन, चार अज्ञात लोग उनके आवास की बाउंड्रीवाल लांघकर किचन के रास्ते अंदर दाखिल हुए। बदमाशों ने पहले खाना बनाने वाले को पकड़ कर एक कमरे में बंद कर दिया और फिर महाप्रबंधक के बेडरूम में पहुंच गए। उस समय महाप्रबंधक बेड पर बैठे थे। नकाबपोश बदमाशों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। एक व्यक्ति ने तकिया से उनका मुंह दबा दिया और एक व्यक्ति पैर दबाने लगा। जीएम हरिश्चंद्र बाल्मीकि ने खुद को छुड़ाने का प्रयास किया तो इस आपाधापी में उनके पैर में गंभीर चोटें आईं। पैर पर किसी चीज से हमला कर दिया, जिसकी वजह से उनके पैर में चोटें आई। देर रात खुल्दाबाद थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। शनिवार को मामले की जानकारी विभागीय अधिकारियों और पार्षदों को हुई तो उनके आवास पर लोगों की भीड़ जुटी।

## ओड़िशा की पुलिस ने सरायइनायत के दो संदिग्धों को उठाया

**हनुमानगंज।** ओड़िशा के थाना बड़ाबाजार जिला गन्जम बरहमपुर नि, विनोद ज्वेलरी की दुकान से दिनांक 30/10/20 की रात करीब डेढ़ किलो सोना चोरी हुआ था। जिसका मुकदमा ओड़िशा के थाना बड़ाबाजार में दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना कर रहे वहां के इंस्पेक्टर प्रशांत भूपति अपनी टीम के साथ शनिवार कि सुबह सरायइनायत थाना पहुंचे और स्थानीय पुलिस के साथ फतूहां गांव पहुंचे और उक्त गांव नि, पप्पू सोनी, उर्फ देवेंद्र तथा सबीब को हिरासत में ले लिया।ओड़िशा पुलिस प्रशांत भूपति ने बताया कि उक्त चोरी में दो की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। जिनका नाम लोकेश श्रीवास्तव निवासी छत्तीसगढ़ व लोकेश राव निवासी भिलाई ने चोरी की घटना को कबूल की है पकड़े गए चोरों के मोबाइल नंबर को सर्विलांस में ट्रैस के जरिए पता चला कि सरायइनायत के फतुहां गांव निवासी सबीब से पकड़े गए सातिर चोरों से बातचीत होती थी। दो मांह पूर्व सबीब के जरिए फतूहां नि,पप्पू सोनी के ज्वेलरी की दुकान पर चोरी का 600 ग्राम सोना करीब ढाई लाख रुपए में बेचा गया था।

ओड़िशा पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों को पुंछताँछ के लिए ले जाया जाएगा इंस्पेक्टर सरायइनायत संजय दुबे ने बताया कि ओड़िशा पुलिस को कोर्ट से ट्रांजिक्ट रिमांड लेने के बाद ही दोनों आरोपियों को ओड़िशा रवाना किया जाएगा।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## श्रमिक व असहाय के बीच मनाई गयी क्रिसमस की खुशियाँ

**हैलीना चैरिटेबल सोसायटी ने बांटे गर्म कपड़े व भोजन**

**श्रमिक व असहाय के बीच मनाई गयी क्रिसमस की खुशियाँ**



श्रमिक व असहायों को उपहार भेंट करते हुए

**नैनी।** हैलीना चैरिटेबल एण्ड डेवलपमेन्ट सोसायटी (एच.सी.डी.एस) के द्वारा अध्यक्ष के मार्ग निर्देशन में क्रिसमस के उपलक्ष में जसरा ब्लाक के पचखरा गांव में गर्म कपड़े, भोजन का वितरण किया गया और श्रमिकों व असहाय के बीच क्रिसमस की खुशियाँ मनाई गईं।

कोआर्डिनेटर राजेश अरोरा ने बताया कि हैलीना चैरिटेबल एण्ड डेवलपमेन्ट सोसायटी द्वारा समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क जाँच, निःशुल्क पौधों का वितरण, गरीबों की सेवा आदि सामाजिक कार्य किये जाते हैं। इस क्रम में क्रिसमस के उपलक्ष में ग्राम पचखरा में डा. योजना लाल ने गरीबों को निःशुल्क गर्म कपड़े व भोजन वितरित किया और श्रमिकों के बीच क्रिसमस मनाया गया। डा. योजना लाल ने बाइबल वचन साझा करते हुए कहा कि अच्छे दिनों को गरीबों के साथ बिताना चाहिये। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह की शिक्षा को साझा करते हुए कहा कि हमें परमेश्वर के बताये मार्ग पर चलना चाहिये, दूसरों की मदद करनी चाहिये, किसी से घृणा नहीं करना चाहिये बल्कि सभी से प्रेम करना चाहिये। सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य डा. आर0के0 जलज ने भी गरीबों को गर्म कपड़े, भोजन वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए सामाजिक दूरी बनाये रखी गई।

राजेश अरोरा ने कोविड-19 खतरे के द्दष्टिगत सभी को सामाजिक दूरी बनाये रखने, मास्क पहनने, हाथों को साफ रखने आदि के लिए जागरूक किया एवं निःशुल्क मास्क का वितरण किया। कार्यक्रम में डा. अभिनव कटियार, श्रीमती शिवाली कटियार, कोनार्क वर्मा, रिचेल शनाया लाल, रमेश पटेल, एस0बी0 द्विवेदी, रतेन्द्र कुमार, मो0 ताहिर, भूरे सिंह, चन्द्रशेखर यादव आदि शामिल रहे।

## संक्षेप समाचार

### पद्मश्री शम्सुर्रहमान फारूकी के निधन पर प्रमोद ने जताया दुःख

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड कोआर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने देश के वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री शम्सुर्रहमान फारूकी के निधन पर गहरी वेदना व्यक्त की है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि जाने माने कलमकार फारूकी की पैदाइश का शुमार प्रतापगढ़ जिले को भी मिला।

कालाकांकर क्षेत्र मे अपने ननिहाल मे जन्मे फारूकी ने सामाजिक सरोकार तथा उदारवादी विचार के तहत हिन्दी और उर्दू अदब के एक काबिल सख्सियत के रूप मे पदमश्री के साथ देश के कई नामचीन सम्मानों से नवाजे गये। प्रमोद तिवारी ने फारूकी के निधन को साहित्यिक हलके मे बेहद गमजदा वाकिया करार दिया है। वहीं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी फारूकी को अदब की आन बान शान ठहराते हुए मुल्क के एक बडे साहित्यकार का जाना अफसोसजनक ठहराया है।

# दुर्घटना में साले-बहनोई की दर्दनाक मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** पिकप मे बाइक के असंतुलित हो जाने से हुई टक्कर मे साले-बहनोई की दर्दनाक मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के लकुरी निवासी रामलखन का पुत्र उमाशंकर मौर्य 35 अपने साले महेशगंज थाना के भिखना डेरवा निवासी अमरनाथ के पुत्र सुशील मौर्य 32 के साथ बाइक से संग्रामगढ़ गया था। सुबह करीब नौ बजे दोनों युवक बाइक से सुशील के घर जा रहे थे। जसमेढ़ा के पास एक दुकान पर पिकप रूकी थी। अचानक बाइक असंतुलित हो गयी और पीछे से पिकप मे जा टकराई। दुर्घटना मे युवको को गंभीर रूप से घायल देख बाजार के लोग दौडे। दुर्घटना की खबर पाकर आननफानन संग्रामगढ़ तथा लालगंज पुलिस पहुंची। घायलो को संग्रामगढ़ सीएचसी उपचार के लिए ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। संग्रामगढ़ सीएचसी के अधीक्षक की ओर से लालगंज कोतवाली पुलिस को युवको की मौत की लिखित सूचना भेजवायी गई। संग्रामगढ़ पुलिस ने सीएचसी से युवको के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इधर लालगंज कोतवाली पुलिस ने मृतको के शव का पंचनामा किया। मृतक उमाशंकर मौर्य अपने पीछे ढाई वर्ष की मासूम श्रद्धा को निराश्रित छोड गया है। दुर्घटना मे उमाशंकर की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रीना का रो-रो कर बुराहाल देखा गया।

### कैरेट गोदाम में लगी आग, मोहल्ले में मचा हड़कम्प

**कुंडा, प्रतापगढ़।** फलों के कैरेट गोदाम में आग लगने से मोहल्ले में हड़कम्प मच गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।कुंडा के सरयू नगर के रामबाबू गुप्ता फलों के थोक व्यवसायी हैं। उन्होंने फल रखने में उपयोग होने वाले प्लास्टिक के कैरेट को रखने के लिए घर के पास एक गोदाम बना रखा है। उसमें बड़ी तादाद में प्लास्टिक के कैरेट भरे थे। शनिवार दोपहर अचानक कैरेट गोदाम में आग लग गई। धुएं का गुबार उठते देख मोहल्ले में हड़कम्प मच गया। लोगों ने पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड को खबर दी। अग्निशमन दल प्रभारी एके सिंह जवानों के साथ गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। तंग गली में दूर तक पाइप बिछाकर पानी ले गए और आग बुझाने में जुटे। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लोगों में डर था कि कहीं उससे सटे मकानों में न आग पकड़ ले। आग से हजारों रुपये के कैरेट जल गए।

# युवक की मौत का रहस्य खंगालने पहुंची फॉरेंसिक टीम



जांच पड़ताल करती फोरेंसिक टीम

**कुंडा।** ससुराल आए युवक की मौत का रहस्य खंगालने प्रयागराज की फॉरेंसिक टीम शुक्रवार को मरुआन पहुंची। टीम ने मृतक के ससुरालवालों व उसकी पत्नी के सामने सील किए गए कमरे की जांच की। घटनास्थल पर नमूना एकत्र करने के साथ वहां की परिस्थितियों का किया अवलोकन किया।बाघराय थाना क्षेत्र के अवतारपुर (बुरहेपुर) निवासी भूपेंद्र सिंह 21 दिसंबर को शाम करीब चार बजे मरुआन स्थित अपनी ससुराल गया था। 22 दिसंबर को सुबह पड़ोसी गांव कमार्जीतपुर स्थित बाग में आम के पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे उसकी लाश लटकी मिली थी। मृतक की पत्नी पिंकी सिंह ने अपने चाचा सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पत्नी के सामने खोला गया कमरे का ताला

**कुंडा।** घटना की रात ससुरालवालों ने जिस कमरे में भूपेंद्र के सोने की बात बताई थी पुलिस ने उसे सील कर दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे प्रयागराज से फॉरेंसिक टीम मरुआन पहुंची। लोगों से पूछताछ की। दिलीपपुर चैकी इंचार्ज जयशंकर तिवारी ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर सील किए गए कमरे को मृतक की पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों के सामने खोलते हुए टीम के साथ छानबीन की। इस दौरान कमरे में मिले एक मोबाइल फोन को पुलिस जांच के लिए ले गई।

### कमार्जीतपुर स्थित बाग से लिया मिट्टी का नमूना

**कुंडा।** कमार्जीतपुर स्थित बाग में जिस आम के पेड़ के सहारे भूपेंद्र की लाश फांसी के फंदे से लटकी मिली थी, वहां भी फॉरेंसिक टीम पहुंची। आम के पेड़ पर लगी मिट्टी व आसपास की मिट्टी का नमूना लिया।

### अक्सर चचिया ससुर के घर रुकता था भूपेंद्र

**कुंडा।** भूपेंद्र की पत्नी पिंकी सिंह ने बताया कि उसके मायके वाले मुंबई में रहते हैं। इससे उसका पति अक्सर ससुराल में आकर चचिया ससुर के घर कई दिन तक रहता था। यह बात लोगों को नागवार लगती थी। एसओ कंधई अंगद राय ने बताया कि कई बिंदुओं पर पड़ताल के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने मिट्टी आदि का नमूना लिया है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## शिकायतकर्ता शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट भी हो : डीएम

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस के अवसर पर थाना करारी पहुंचकर समाधान दिवस की कार्रवाइयों का लिया जायजा जन समस्याओं को सुनते हुए उनको शीर्ष प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में शिकायतों को निस्तारित करने के दिये निर्देश**



फरियादियों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी एस

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दन ने थाना करारी व थाना मंझनपुर पहुंचकर जन समस्याओं की सुनवाई की। समाधान दिवस के अवसर पर करारी थाने से 12 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों क निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक है कि शिकायतकर्ता शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट भी हो। उन्होंने राजस्व से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर तथा मौका मुआयना करते हुए शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है।

## विकास में योगदान के लिए महिलाएं हुई सम्मानित, प्रधान ने जताया आभार

**प्रतापगढ़।** लालगंज विकासखण्ड के बेलहा गांव मे प्रधान द्वारा दो सौ ग्रामीण महिलाओं को ग्राम के विकास मे योगदान के लिए शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान के द्वारा विकास योजनाओं के संचालन मे ग्रामीणो के सहयोग व समर्थन की भी सराहना की गई। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक विजय प्रताप सिंह ने किया। वहीं प्रधान बेबी सिंह द्वारा ठण्ड को देखते हुए निराश्रित विधवाओं को ऊनी वस्त्र भी प्रदान किये गये। प्रधान द्वारा पेटरियापुर, कालूराम का पुरवा, बाबूराम का पुरवा, नया का पुरवा, हिरऊ का पुरवा, कान का पुरवा, शास्त्री नगर, बेलहा खास, डिहवा, मुड़ियन का पुरवा, मदनगढ़, बड़ी बाग, गंभीराबाद आदि मे भी वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्रम प्रदान किये गये। इस मौके पर अर्जुन गौतम, शिवम सिंह, प्रशांत सिंह, बृजेश मिश्र, विजय यादव, नागेन्द्र वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, राकेश सिंह, विष्णु सिंह, संदीप सिंह, शिव बहादुर सिंह आदि रहे।

# भदवॉ में हरिजन आबादी व सामान्य आबादी को जबरन कब्जा कर रहे भू-माफिया

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के भदवॉ गाँव मे गाँव समाज की सरकारी जमीन पर मकान बनवाया और तमाम लोगों के हक का गवन कर रहे -बीसो बीघा के काश्तकार अशवनी कुमार उनके लडके तथा विजय लक्ष्मी पत्नी संतदीन ने गाँव के श्री निवास पुत्र राम पदारथ पांडे से गाँव की हरिजन अवादी सुरक्षित से सटी भूमि का बैनामा कराया और उसी के आड से हरिजन -समान्य अवादी की लगभग दस बिस्वा जमीन जबरन कब्जा करके सरसों की फसल बोया है और समान्य आवादी में रात दिन में जबरन चारों तरफ पक्की ईटों की दीवाल खडी कर ऊपर टीन डालकर कब्जा बनाए हुए हैं जिस पर पूर्व लेख पाल कल्लू ने कारवाही करतें हुए इन्हे रुकवाया -लेकिन लेख पाल की बदली होते ही पुनःअशवनी कुमार पुत्र नरोत्तम तिवारी ने अपने लडको के साथ कब्जा कर लिया आज दिनांक 26 दिसम्बर को जबरन कब्जा के आगे शेष गाँव समाज की सरकारी जमीन पर पत्थर बल्ली गाड कर तार बांध कर कब्जा कर आवागमन को गरीब हरिजनों के हक का गवन कर रहे है-तथा वहीं बगल जमीन पर मकान बना कर गुजारा कर रही विधवा राम सवारी विधवा कल्लू को अशवनी के लडको ने भद्दी भद्दी गालियाँ दी और मारने को लपके विधवा की अवाज पर जब पहुँच कर जबरन चारों तरफ गाडी बल्ली तार हटाने लगें तो कहा कि वीडियो बना लो जिस पर हम सब ने कहा कि बनाओं वीडियो ताकि हमारे जनपद के न्याय प्रिय जिला अधिकारी कौशांबी व उप जिला अधिकारी सिराथू को पता चल जाय कि सरकार के सामने हो कि अवैध कब्जा के हटवाने में गाँव के लोग बल्ली हिला रहे हैं-और अतिक्रमण कर्ता उल्टा वीडियो बनाकर डरवा रहें हैं जो शायद गली में टट्टी करें और बोलने पर आख दिखाये ।-लगभग यह सब करोडों की गाँव सभा की जमीन जबरन कब्जा किया है बोलने वाले को धमकाना रिपोर्ट कर पुलिस से परेशान करवाने की धमकी देकर -सेकेंड अतीक अहमद बनें हैं-उपरोक्त सर्व संपन्न गाँव के सबसे अमीर जनगर दबंग लोगों में हैं जिनके पास रायफल बंदूक सहित सभी इंतजाम है और दो दो समर सेबल मशीन ट्रेक्टर तथा कई बीघा भूम धरी जमीन तथा कई बीघा बैनामा व बीसो बीघा जमीन गाँव के अन्य लोगों झुरकट में लिया हैं और वर्त मान में भदवॉ गाँव के सबसे बडे खेतिहरो में हैं--और जितनी भी गाँव समाज की हरिजन अवादी सुरक्षित अवादी को दीवाल खडी कर बल्ली गाड कर तार बांध कर कब्जा कर रहें हैं बोलने वालों को गाली गुप्ता करके दबाव बनाने का काम कर अवैध कब्जा अपना बरकरार रखें हैं-श्री मान न्याय प्रिय जिला अधिकारी कौशांबी व उप जिला अधिकारी सिराथू को अंधेरे में रख रहे है इतना बडा अवैध कब्जा गाँव समाज की सरकारी जमीन पर शायद पूरे तहसील में किसी का हो ऐसा नहीं दिख रहा कि करोडों के सम्पत्ति के मालिक गरीबों के आशियाने में कब्जा कर झोपड़ी डालकर न रहने दे यह बिडंबना हैं-और योगीराज में अगर इन भू माफियाओ से सरकार ने गरीबों के हक को जबरन नहीं छीना तो भविष्य में यह अपना महल खडा करने में देर नहीं लगेंगा-मंडला आयुक्त सरकार योगीराज सरकार जिला अधिकारी कौशांबी व उप जिला अधिकारी सिराथू से उपरोक्त भू माफिया लोगों से गाँव सभा की हरिजन समान्य आवादी से अवैधानिक कब्जा हटवाने के साथ इन लोगो द्वारा बोई गयी सरसों की फसल व उठायी गयी दीवाल को गिरवा कर गाँव के लोगों को न्याय दिलाएं और अतीक अहमद बनें भू माफियाओ से सरकारी संपत्ति को छुड़वाये।

# किसानों के हित एवं उन्नति के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार कृत संकल्प एवं समर्पित : विनोद सोनकर




कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद विनोद सोनकर

**कौशाम्बी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस के अवसर पर कौशाम्बी के चायल विकास खण्ड में आयोजित कार्यक्रम का कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर लोगो को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा किसानों के लाभ के लिए कई योजनाएं संचालित की गयी। मंत्री ने कहा कि वे किसानों की उन्नति एवं प्रगति के लिए समर्पित थे। उन्होने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार किसानों के हित एवं उन्नति के लिए कन्धा से कन्धा मिलाये खड़ी हैं, उनकी हर समस्या का समाधान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किसानों एवं मजदूरों के लाभ एवं उन्नति के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनका लाभ किसानों एवं मजूदरों को मिल रहा है और वे लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबके विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों एवं मजदूरों को घर, बिजली, गैस, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि किसान भाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें जिससे उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा मिल सके। उन्होने कहा कि किसानों के लिए जगह-जगह पर क्रय केन्द्र खोले गये हैं किसान भाई अपना अनाज किसी भी क्रय केन्द्र पर बिक्रय कर सकते है। सांसद ने कहा कि किसान भाई अपनी खेत की मिट्टी का मृदा परीक्षण अवश्य करायें तथा उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार खाद एवं बीजों का उपयोग करें तभी वे अपने उत्पादन को बढ़ा सकते है उन्होने किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी खेती के द्वारा ही किसान अपनी आय को बढ़ा सकते है। सांसदने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रत्येक दशा में शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किया जायेगा। उन्होने किसानों को जैविक खेती को करने हेतु बढ़ावा देने के लिए कहा है, जिससे किसान कम लागत में अपनी आय को दोगुनी कर सकते है। उन्होंने किसानों को कृषि के अलावा कृषि सम्बन्धित अन्य क्षेत्रों में कार्य करके अपनी आय को बढ़ाने के लिए कहा। इस अवसर पर कौशांबी सांसद विनोद सोनकर सहित अन्य विभागों से सम्बन्धित कृषकों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उत्पादन करने के लिए उनको माल्यार्पण कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# नहरें सूखी, किसानों की कैसे हो खेतों की सिंचाई

**विजिया कौशांबी।** किसानों के खेतों की फसलों की सिंचाई करने के समय पर नहरे सूख जाती है जिसके चलते फसलों की सिंचाई किसान नहीं कर पाते और किसानों की फसलें सूख जाती है अधिकारियों से बार-बार कहने के बाद भी योगी सरकार के बेलगाम अधिकारी किसानों की समस्या पर गंभीर नहीं होते हैं अधिकारी इतने लापरवाह हो गए हैं कि अब विधायक की सिफारिश पर भी वह सुनने को तैयार नहीं है सिंचाई एक्सईएन से त्रस्त विधायक ने सिंचाई मंत्री को पत्र लिखकर नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। मंझनपुर विकासखंड के बेरौचा माइनर मे दो महीने से पानी नहीं आ रहा है नहर में पानी ना आने से जोगापुर हिसाम बाद गौरैये गोपसहसा इटैला बेरौचा मुरिया डोली दाई का पूरा बरम्बारी डेलाइया बाबा का पुरवा ढोकसहा सहित तीन दर्जन से अधिक गांव के हजारों किसानों की कई हजार एकड़ फसल सूखने की कगार पर है लेकिन किसानों की इस गंभीर समस्या के समाधान के प्रति सिंचाई विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है नहर विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारी एक-दूसरे पर दोषारोपण कर अपने गुनाह पर पर्दा डाल देना चाहते हैं जबकि नहरों तक समय से पानी ना पहुंचने के पीछे दोनों विभाग के अधिकारी दोषी हैं लेकिन लापरवाह अधिकारियों के खींचातानी का खामियाजा किसान भुगत रहा है यह पहली बार नहीं है बीते वर्षों में भी किसानों की फसलों की सिंचाई के समय में नहरे सूख चुकी है जिसका खामियाजा किसान भुगत चुका है।

### नहरों में पानी न छोड़े जाने से नाराज मंझनपुर विधायक ने मंत्री से की शिकायत

**कौशाम्बी।** बेरौचा नहर में दो महीने से पानी न छोड़े जाने से मंझनपुर विधायक लाल बहादुर नाराज है। विधायक ने मंत्री से शिकायत कर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। मंझनपुर तहसील के नहर में सिल्ट सफाई के नाम पर 25 अक्टूबर से नहर बन्द चल रही है। जबकि किसानों की रबी की फसल की बोआई का समय 15 नवम्बर से 15 दिसंबर तक है। किसानों ने किसी तरह गेंहू की बोआई तो कर दिया। बिना पानी के अब उनकी फसल सूख रही है। किसानों ने विधायक से नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की। इस पर विधायक ने जब इसकी जानकारी की तो पता चला कि सिल्ट सफाई के नाम पर नहर बन्द है। विधायक ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव सिंचाई विभाग को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि किसानों के दबाव पड़ने पर अधिशासी अभियंता कह रहे कि सरकार व जनप्रतिनिधियों सांसद,विधायक की वजह से पानी नही छोड़ा गया। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि इस विभाग का कोई अधिकारी न बात कर रहा और न सम्पर्क कर रहा है विधायक ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिले



गरीबों को कंबल वितरित करते हुए

**लच्छमणपुर- प्रतापगढ़ ।** ब्लाक लच्छमणपुर छेत्र की हरिहरपुर कैलहा निवासी पूर्व बार अध्यक्ष लालगंज देवी प्रसाद मिश्र के आयोजन में राजधर्मार्थ सेवा संस्थान के माध्यम से मा रामपत्ती बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में ग्राम प्रधान रहीश अहमद के सहयोग से कम्बल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश तिवारी ने किया ।मुख्य अतिथि सेवा मुक्त सी आर पी एफ सब इन्सपेक्टर मोहम्मद शरीफ खान ने प्रबंधक देवी प्रसाद मिश्र तथा ग्राम प्रधान रहीस अहमद की ऐसे कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज हित में गरीबों की सेवा करना बहुत ही पुनीत कार्य है।पूर्व बार अध्यक्ष लालगंज देवी प्रसाद मिश्र ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्चे मायने में देश सेवा है ।गरीबों की सेवा करने से स्वयं को भी सुख की अनुभूति होती है ।उन्होंने कहा किष जो सबको हसाये वह इंसान है, जो सबको सताये वह हैवान है के माध्यम से लोगों को इंसानियत के रास्ते पर चलकर एक अच्छे समाज व राष्ट्र का निर्माण करने मे अग्रसर होने की बात कही ।

# पुरा छात्र समागम- 2020, हमारा विद्यालय, हमारा गौरव

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, कल्याणपुर, में आज दो दशक पूर्व के छात्र- छात्रा एकत्रित हुए और अपने गुरूजनो को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किए। पूर्व छात्र अविनाश तथा श्री श्याम ने काव्य पाठ के द्वारा गुरुजनों का स्वागत किया सइस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेम राज तिवारी( भूतपूर्व प्रधानाचार्य ) ने अतीत की स्मृति को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी स प्रबंधक अजय विक्रम सिंह ने विद्यालय के कक्षा 12 जी साइंस की मान्यता को जल्द ही मिल जाने की जानकारी देते हुए छात्रों के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कालेज के पूर्व सफल छात्रों का संस्था से आत्मीय सम्बन्ध जुड़ा रहता है और वर्तमान में शिक्षारत विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है।उन्होंने बताया कि गांधी स्मारक इंटर कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है।यहां के शिक्षित व संस्कारित बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रहे हैंसकालेज परिवार को उनपर गर्व है और उनके सुखमय जीवन की कामना करता है।पुरा छात्रों ने विद्यालय को एक मोनोग्राम भी भेट किया स जिसका आदर्श वाक्य श्असतो मा सद्गमयश है। उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने भाषण में छात्र -छात्राओ को आगे बढ़ने और समाज के लिए अनुकरणीय बनने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में शिक्षक- बृजेश कांत त्रिपाठी, उमा शंकर शर्मा, श्याम किशोर मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं पंकज मिश्र तथा पुरा छात्र राजेंद्र प्रसाद पटेल, अजय यादव, अविनाश, सुशील कुमार,विनय कुमार, अजय आदि रहे।



गोल्ड मेडल से सम्मानित सारिका दूबे

### बेटियों की हिचकी संस्थान की सारिका दूबे को पद्मश्री दीपा मलिक द्वारा सम्मानित किया गया

**प्रतापगढ़ ।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय एमपी थिएटर ग्राउंड पर अटल - अजीत मेमोरियल ट्राफी 2020 नेशनल दिव्यांग टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट प्रतियोगिता में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलीट व राजीव गांधी खेलरत्न प्राप्त दिव्यांग खिलाड़ी पद्मश्री दीपा मलिक जी द्वारा भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन को उत्कृष्ट सहयोग के लिए सम्मानित किया गया जिसमें संस्था कि जिला महिला प्रमुख जनपद चंदौली कि युवा समाजसेविका सारिका दुबे जी को उनके कार्यों व समाज के लिए बहुमूल्य योगदान व पिछले 4 वर्षों से उन्होंने जो दिव्यांगता के क्षेत्र में उनके उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किए है उसे देखते हुए पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर तथा काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीकांत महाराज जी द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।